SDF-G-GSU

# सामान्य अध्ययन / GENERAL STUDIES

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : तीन घंटे<br>Time Allowed : Three Hours | अधिकतम अंक : 250<br>Maximum Marks : 250 |

## प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*कुल **बीस** प्रश्न दिए गए हैं जो हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हैं ।*

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

***प्रश्न संख्या 1 से 10 तक का उत्तर 150 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 11 से 20 तक का उत्तर 250 शब्दों में दीजिए ।***

*प्रश्नों में इंगित शब्द सीमा को ध्यान में रखिए ।*

*प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।*

## Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **TWENTY** questions printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*All questions are compulsory.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

***Answers to questions no. 1 to 10 should be in 150 words, whereas answers to questions no. 11 to 20 should be in 250 words.***

*Keep the word limit indicated in the questions in mind.*

*Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

Q1. गांधाराई कला में मध्य एशियाई एवं यूनानी-बैक्ट्रियाई तत्त्वों को उजागर कीजिए ।

(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Highlight the Central Asian and Greco-Bactrian elements in the Gandhara art.

(Answer in 150 words) 10

Q2. 1857 का विप्लव ब्रिटिश शासन के पूर्ववर्ती सौ वर्षों में बार-बार घटित छोटे एवं बड़े स्थानीय विद्रोहों का चरमोत्कर्ष था । सुस्पष्ट कीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

The 1857 Uprising was the culmination of the recurrent big and small local rebellions that had occurred in the preceding hundred years of British rule. Elucidate. (Answer in 150 words) 10

Q3. उन्नीसवीं शताब्दी के 'भारतीय पुनर्जागरण' और राष्ट्रीय पहचान के उद्भव के मध्य सहलग्नताओं का परीक्षण कीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Examine the linkages between the nineteenth century's 'Indian Renaissance' and the emergence of national identity. (Answer in 150 words) 10

Q4. वैश्विक तापन का प्रवाल जीवन तंत्र पर प्रभाव का, उदाहरणों के साथ, आकलन कीजिए ।

(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Assess the impact of global warming on the coral life system with examples.

(Answer in 150 words) 10

Q5. मैंग्रोवों के रिक्तीकरण के कारणों पर चर्चा कीजिए और तटीय पारिस्थितिकी का अनुरक्षण करने में इनके महत्त्व को स्पष्ट कीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Discuss the causes of depletion of mangroves and explain their importance in maintaining coastal ecology. (Answer in 150 words) 10

Q6. क्या प्रादेशिक संसाधन-आधारित विनिर्माण की रणनीति भारत में रोज़गार की प्रोन्नति करने में सहायक हो सकती है ? (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Can the strategy of regional resource-based manufacturing help in promoting employment in India ? (Answer in 150 words) 10

Q7. उत्तर-पश्चिमी भारत के कृषि-आधारित खाद्य प्रक्रमण उद्योगों के स्थानीयकरण के कारकों पर चर्चा कीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Discuss the factors for localisation of agro-based food processing industries of North-West India. (Answer in 150 words) 10

Q8. क्या बात है जो भारतीय समाज को अपनी संस्कृति को जीवित रखने में अद्वितीय बना देती है ? चर्चा कीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

What makes the Indian society unique in sustaining its culture ? Discuss.

(Answer in 150 words) *10*

Q9. "महिला सशक्तिकरण जनसंख्या संवृद्धि को नियंत्रित करने की कुंजी है ।" चर्चा कीजिए ।

(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

"Empowering women is the key to control population growth." Discuss.

(Answer in 150 words) *10*

Q10. धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हमारी सांस्कृतिक प्रथाओं के सामने क्या-क्या चुनौतियाँ हैं ?

(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

What are the challenges to our cultural practices in the name of secularism ?

(Answer in 150 words) *10*

Q11. गांधीवादी प्रावस्था के दौरान विभिन्न स्वरों ने राष्ट्रवादी आन्दोलन को सुदृढ़ एवं समृद्ध बनाया था । विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए । (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Many voices had strengthened and enriched the nationalist movement during the Gandhian phase. Elaborate. (Answer in 250 words) *15*

Q12. 1940 के दशक के दौरान सत्ता हस्तान्तरण की प्रक्रिया को जटिल बनाने में ब्रिटिश साम्राज्यिक सत्ता की भूमिका का आकलन कीजिए । (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Assess the role of British imperial power in complicating the process of transfer of power during the 1940s. (Answer in 250 words) *15*

Q13. स्पष्ट कीजिए कि अमरीकी एवं फ्रांसीसी क्रांतियों ने आधुनिक विश्व की आधारशिलाएँ किस प्रकार निर्मित की थीं । (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Explain how the foundations of the modern world were laid by the American and French Revolutions. (Answer in 250 words) *15*

Q14. जल प्रतिबल (वाटर स्ट्रेस) का क्या मतलब है ? भारत में यह किस प्रकार और किस कारण प्रादेशिकतः भिन्न-भिन्न है ? (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

What is water stress ? How and why does it differ regionally in India ?

(Answer in 250 words) *15*

**Q15.** पर्वत पारिस्थितिकी तंत्र को विकास पहलों और पर्यटन के ऋणात्मक प्रभावों से किस प्रकार पुनःस्थापित किया जा सकता है ? (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

How can the mountain ecosystem be restored from the negative impact of development initiatives and tourism ? (Answer in 250 words) *15*

**Q16.** दक्ष और किफायती (ऐफोर्डेबल) शहरी सार्वजनिक परिवहन किस प्रकार भारत के द्रुत आर्थिक विकास की कुंजी है ? (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

How is efficient and affordable urban mass transport key to the rapid economic development of India ? (Answer in 250 words) *15*

**Q17.** महासागर धाराएँ और जल राशियाँ समुद्री जीवन और तटीय पर्यावरण पर अपने प्रभावों में किस-किस प्रकार परस्पर भिन्न हैं ? उपयुक्त उदाहरण दीजिए । (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

How do ocean currents and water masses differ in their impacts on marine life and coastal environment ? Give suitable examples. (Answer in 250 words) *15*

**Q18.** क्या हमारे राष्ट्र में सर्वत्र लघु भारत के सांस्कृतिक क्षेत्र हैं ? उदाहरणों के साथ सविस्तार स्पष्ट कीजिए । (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Do we have cultural pockets of small India all over the nation ? Elaborate with examples. (Answer in 250 words) *15*

**Q19.** भारत में महिलाओं के समक्ष समय और स्थान संबंधित निरंतर चुनौतियाँ क्या-क्या हैं ?
(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

What are the continued challenges for women in India against time and space ? (Answer in 250 words) *15*

**Q20.** क्या हम वैश्विक पहचान के लिए अपनी स्थानीय पहचान को खोते जा रहे हैं ? चर्चा कीजिए ।
(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Are we losing our local identity for the global identity ? Discuss.
(Answer in 250 words) *15*